तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024

12 हल्की सी बरसात से खुली अफसरों की पोल



12 बरसाती सीजन से पहले होगी नालों की सफाई



## खबर संक्षेप

### पानीपत में हादसे में महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत में पसीना रोड पर सुनीता पत्नी रामकिशोर साहनी मूल निवासी कल्याणपुर जिला समस्तीपुर, बिहार हाल निवासी गांव सिवाह में किरायेदार को अज्ञात वाहन ने तेज रफ़्तार से टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सुनीता एक निजी अस्पताल में सफाई कर्मचारी थी। सेक्टर 29 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुनीता का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने चोरी की बाइक सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। पूछताछ में नाबालिग आरोपी ने बताया वह गलत संगत में पड़कर नशा करने का आदी हो गया। नशे की लत पूरी करने के लिए उसने बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि नाबालिग आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद किया गया।

### पुलिस ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बलजीत नगर नाका पर नशा तस्कर रितिक पुत्र वीरेंद्र निवासी राजपूताना बाजार अमर भवन चौक, पानीपत को 11 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### श्री जाहरवीर सेवा समिति की ओर से जागरण 27 को

**रादौर।** श्री जाहरवीर सेवा समिति की ओर से 27 जून को नौवें वार्षिक जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समाजसेवी भीम सिंह राठी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जागरण को लेकर सदस्यों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। शाम के समय भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें हजारों लोग प्रशाद ग्रहण करेंगे।

# दिन में लोग गर्मी से रहे परेशान शाम को बारिश से मिली राहत

## गर्म हवा व उमस ने दिनभर लोगों को बेहाल किया, तापमान लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के गर्मी और उमस का सितम जारी है। सोमवार को दिनभर उमस और गर्मी का जोर बरकरार रहा। जिससे लोग दिनभर पसीने से परेशान रहे। शाम को बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिली। शाम को करीब 40 मिनट तक तेज बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी बह निकला। दिनभर गर्म हवा व उमस ने लोगों को बेहाल किया। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब तेज धूप के कारण वापस गर्मी और उमस से लोगों का हाल बेहाल है। सोमवार को सुबह ही तेज धूप निकलने से 11 बजे तापमान 33 डिग्री पहुंच गया। दोपहर के समय तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया। शाम के समय बारिश होने से तापमान में गिरावट आई। बारिश के बाद लोगों को भी गर्मी और उमस से राहत मिली।

■ झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे



कुरुक्षेत्र। बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

दोपहर के समय लोगों ने गर्मी से बचने के लिए पंखों व कूलर का सहारा लिया, लेकिन फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान 10 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। शाम करीब साढ़े 5 बजे जिले के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। पिछले कई दिन से हर कोई उमस भरी गर्मी से बेहाल था। कहीं भी चैन नहीं मिल पाने की स्थिति में लोग घरों से बाहर निकला भी मुनासिब नहीं समझ रहे थे। बिजली की लो वोल्टेज की वजह से भी लोग आजिज आ चुके थे लेकिन सोमवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए। ठंडी हवा चलने से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। झमाझम बारिश होने से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### आमजन ने ली राहत की सांस

शाहबाद। नगर में शाम को हुई बरसात से नगर वासियों ने भीषण गर्मी से राहत ली। जहां एक तरफ लोग भीषण गर्मी से बहुत परेशान थे और घरों से बाहर निकालना भी मुश्किल हो रहा था वहीं बरसात होने से पेड़ पौधों पर भी कुछ हरियाली नजर आने लग गई है। भीषण गर्मी के कारण बाजार सुने पड़े हैं। दुकानदारों का कोई कारोबार नहीं है। हर आदमी बरसात की इंतजार कर रहा था। अब बरसात होने लोगों ने राहत की सांस दी है। वही जिमींदार भी धान की फसल की बुवाई के लिए बरसात का इंतजार कर रहे थे। अब अगर बरसात लगातार पांच सात दिन हो जाती है तो जिमीदारों को अपनी धान की फसल बुवाई करने में मदद मिल जाएगी। भीषण गर्मी के चलते बेल वाली सब्जियिं भी सूख गई थी। अब बरसात होने से उनकी हरियाली भी वापस आ जाएगी। सड़कों पर छोटे बच्चे बरसात का लुत्फ लेते देखे गए।

# समालखा की अवैध कालोनियों को वैध करने व परिषद बनाने की फाइल अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



समालखा बचाओं संघर्ष मोर्चा के संयोजक पीपी कपूर।

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने समाधान शिविर के इंचार्ज एवं एसडीएम को मांग पत्र दे कर समालखा नगर पालिका को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव सरकार को भिजवाने व सभी 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल तत्काल सरकार को भिजवाने की मांग की है। एसडीएम समालखा की अनुपस्थिति में समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे पानीपत के एसडीएम मंदीप सिंह ने शिविर में मौजूद पालिका सचिव मुकेश कुमार को तत्काल सभी अवैध कालोनियों का केस व नगर परिषद बनाने बारे पालिका प्रस्ताव सरकार को भिजवाने के निर्देश दिए। वहीं, संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि समालखा की 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल पालिका अधिकारी दबा कर बैठे हैं, सरकार को नहीं भेज रहे, जबकि सरकार ने इन्हें पास करने के लिए मंगवा रखा है। इसी प्रकार सरकार ने चार महीने से नगर परिषद बनाने के लिए नगर पालिका से जरूरी प्रस्ताव, नक्शा, जनसंख्या की सूचना आदि दस्तावेज मांग रखे हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से केस फाइल भी नहीं भेजी जा रही। जबकि दूसरे शहरों मे अवैध कालोनियां अप्रूव हो रही हैं लेकिन समालखा मे पिछले दस वर्षो से एक भी कालोनी पास नहीं हुई, क्योंकि पालिका अधिकारियों ने आज तक इनका केस ही सरकार को नहीं भेजा। कपूर ने बताया कि नगर पालिका अधिकारियों ने आज तक शहर की अवैध कालोनियों का सर्वे तक नहीं करवाया है। जबकि पालिका अधिकारी तो सिर्फ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के डीटीपी द्वारा कुछ अवैध कालोनियों के करवाए गए सर्वे पर ही कार्यालय मे बैठे बैठे खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समालखा के परिषद बनने पर समालखा के विकास की नई राह खुलेगी।

■ समालखा के परिषद बनने पर विकास की नई राह खुलेगी

# युवक ने नाबालिग लड़की को रास्ते में रोककर की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने नाबालिग लड़की को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़। लड़की के विरोध करने पर आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को उसकी 17 वर्षीय लड़की गांव में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान गांव के ही सचिन ने उसकी लड़की को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसकी लड़की ने जब शोर मचाया तो आरोपी युवक उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसकी लड़की ने घर आकर घटना के बारे में बताया।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# एनएचएम कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को नियमितीकरण व अन्य लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने काली पट्टी व काले रिबन लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कांबोज ने कहा कि कई वषार्ें से प्रदेश में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के कोविड काल के दौरान किए गए कार्य को देखते हुए 7वें वेतनमान आयोग की सिफारिशें लागू करने की मंजूरी दी थी। परन्तु विभाग एवं अधिकारियों द्वारा हर बार किसी न किसी प्रकार की अनावश्यक आपत्तियां लगाकर मुख्यमंत्री की घोषणा को लागू नहीं किया जा रहा है।

■ कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी किए जाने से कर्मियों में रोष



यमुनानगर के रादौर में जानकारी देते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कांबोज व अन्य।

विजय कांबोज ने कहा कि अधिकारी सरकार को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। यदि सरकार ने जल्द मांगों को पूरा नही किया तो कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से आन्दोलन पर बैठने के लिये विवश होना पड़ेगा। जिसकी पूर्णता जिम्मेदारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी।

### कुरुक्षेत्र में आगामी आन्दोलन का आगाज किया

कुरुक्षेत्र। 17 जून 2024 को प्रदेश पद्धाधिकारी बैठक मे हुए निर्णय के पश्चात पूरे हरियाणा प्रदेश मे एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगो को लेकर ब्लैक रिबन लगाकर अपना विरोध प्रकट किया और आगामी आन्दोलन का आगाज किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज आत्रेय ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से हरियाणा प्रदेश मे कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगो की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कही न कही अधिकारी सरकार को गुमराह करने का कार्य कर रहे है। मांगों के समर्थन मे एनएचएम कर्मचारी 2 जुलाई को सभी सिविल सर्जनो के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन सौपेंगे। 8 जुलाई से 12 जुलाई तक सभी एमपी विधायक पक्ष व प्रतिपक्ष के माध्यम से ज्ञापन सौंपेगे। अगर फिर भी सरकार उनकी मांगों को नही मांनती है तो 14 जुलाई को एक बड़ी बैठक करके तुरंत प्रभाव से आन्दोलन पर बैठने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर विकास, लोकेश, संजीव, संत सिंह, पूजा, सपना, बबिता, सुशीला, डॉ सविता, प्रेम, अनिता, प्रेम, संजय, संदीप, अनामिका आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गांजा के साथ एक नशातस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह (आईपीएस) के नेतृत्व में और पुलिस अधीक्षक निति का गहलोत के दिशा निर्देशों पर प्रदेश भर में नशातस्करों पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट की टीम ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार कर उससे 9 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया है। नाकारेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक अंबाला जगबीर सिंह व यूनिट अंबाला प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि थाना जगाधरी सदर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। आरोपी पप्पू यादव को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्य सप्लायर के बारे में पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि यह गांजा कोरियर द्वारा पटना बिहार से मंगवाया गया है। कोरियर करने वाले को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और जहां पर इसने सप्लाई करना था उनको किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाएगा।

■ आरोपित से 9 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया



यमुनानगर में गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी।

# नशा किसी भी युवा की सफलता में बड़ी बाधा: सहारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति अभियान समारोह विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक करनाल, आईपीएस दीपक सहारण, विशिष्ट अतिथि नायाब सिंह डीएसपी ने शिरकत की कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्यअतिथि दीपक सहारण पुलिस अधीक्षक आइपीएस ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि नशा वह धीमा जहर है जो हमें मौत के मुंह में ले जाता है। उन्होंने कहा कि नशा एक स्वस्थ इंसान को जब अपनी चपेट में लेता है तो उसको बहुत से बीमारियां भी लग जाती है। इसलिए समय रहते युवाओं से बातचीत करें उनके पंसदीदा कामों से जोडें परिजनों का भी दायित्व बनता है कि वह उनकी संगत पर तथा व्यवहार पर नजर बनाएं रखें।

■ डीएवी पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के तहत समारोह का आयोजन



मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक करनाल, आईपीएस दीपक सहारण का स्वागत करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि युवा वर्ग अपनी अपार उर्जा और कार्यकुशलता से किसी भी देश की दिशा और दशा बदलने का माद्दा रखता है।

**उदासीनता** | टेक्सटाइल नगरी में आग की घटनाओं से उद्योग को अरबों का नुकसान

# पानीपत नगर निगम का दमकल बेड़ा बेहद कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम की कमजोर दमकल विंग की लाचारी के चलते टेक्सटाइल उद्योग को आग की घटनाओं के कारण हर साल अरबों रूपये का नुकसान हो रहा है। स्मरणीय है कि नगर निगम ने पानीपत में दमकल के तीन केंद्र बना रखें है, इनमें से एक हाली पार्क में दूसरा, जीटी रोड की लाल बत्ती पर व तीसरा हुडा सेक्टर 25 में है। दमकल की गाडियों को पानीपत सिटी में भीड अधिक होने, औद्योगिक क्षेत्र मॉडल टाउन, हुडा के औद्योगिक सेक्टर 29 पार्ट वन व टू, सेक्टर 25 पार्ट वन व टू में, बरसत रोड, काबडी रोड समेत अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में टेक्सटाइल आदि की फैक्टरियों में आग लगने की घटना को काबू करने के लिए घटनास्थल तक पहुंचने में आधा से एक घंटा लग जाता है। वहीं जब तक दमकल का टेंडर घटनास्थल पर पहुंचता है, तब तक आग नुकसान कर चुकी होती है। इधर, पानीपत के उद्यमी सालों से औद्योगिक क्षेत्र में अत्याधुनिक फायर स्टेशन की मांग कर रहे हैं लेकिन यह मांग अब तक अधूरी है। इधर, उद्योगपतियों की मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यहां सेक्टर 25 में एक अत्याधुनिक फायर स्टेशन के निर्माण की घोषणा की थी। यह परियोजना दो साल से अधिक समय से लटकी हुई है। पानीपत एक औद्योगिक केंद्र है और शहर और इसके आसपास के इलाकों में 20 हजार से अधिक बड़े और छोटे उद्योग फैले हुए हैं, जिनमें चार लाख से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। वहीं, वर्ष 2023 में आग लगने की 500 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें से कई बड़ी औद्योगिक आग की घटनाएं थीं। जबकि वर्ष 2024 में भी अब तक सैकड़ों आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।



### 80 हजार करोड़ का होता है कारोबार

पानीपत में हजारों टेक्सटाइल उद्योग लगे हुए हैं। इनमें करीब 80 हजार करोड़ का कारोबार होता है। इन 20 हजार उद्योगों में लगभग 600 उद्योगों के पास ही दमकल की एनओसी है। दमकल की एनओसी उन्हीं उद्योगों को मिलती है जिनके यहां पानी का टैंक छह इंची पाइप लाइन बना हुआ। साथ आग बुझाने के यंत्र लगे हों। उद्योगों में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। पोलिस्टर धागा कच्चे में माल में प्रयुक्त होने के कारण आगजनी के हादसे अधिक हो रहे हैं।

### दमकल के बेड़े में 30 टेंडर

दमकल के पास कुल 30 फायर टेंडर हैं, जिनमें आठ फोम टेंडर और संकरी जगहों के लिए तीन अग्निशमन बाइक शामिल हैं। कुल 125 कर्मचारी हैं। 20 नियमित कर्मचारी और 105 हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) और पालिका कर्मचारी है। इधर, नगर निगम ने करीब 20 और फायर टेंडर और एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मांग मुख्यालय को भेजी है। दमकल को अत्याधुनिक फायर स्टेशन परियोजना के लिए वर्ष 2022 में मंजूरी मिल गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने हुडा सेक्टर 25 में दमकल को दो एकड़ जमीन पहले ही आवंटित कर दी है। उन्होंने बताया कि फायर स्टेशन की अनुमानित लागत करीब 40 करोड़ रुपये है, जिसे सरकार ने मंजूरी दे दी है।

### हर साल बढ़ रही हैं आग की घटनाएं

चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन विनोद धमीजा ने कहा कि पिछले दो-तीन सालों में उद्योगों में आग लगने की कई बड़ी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा, यहां के उद्योगों के लिए आधुनिक फायर स्टेशन की सबसे बड़ी जरूरत थी और इसकी घोषणा सन 2017 में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के पहले कार्यकाल में की गई थी। प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी सन 2022 में दी गई थी और हुडा सेक्टर 25 में दमकल विभाग को जमीन भी आवंटित कर दी गई है, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है।

### आधुनिक दमकल केंद्र बनेगा: विज

पानीपत शहरी विधानसभा से विधायक प्रमोद विज ने बताया कि हुडा सेक्टर 25 में एक अत्याधुनिक फायर स्टेशन के निर्माण जल्द शुरू होगा। उसके लिए उन्होंने काफी प्रयास किए हैं। आग लगने की घटनाओं पर जल्द काबू पाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए भूमि भी चिह्नित कर ली गई है। सभी औपचारिकता पूरी हो चुकी है। इसी माह इसका टेंडर लगा दिया जाएगा।

# 80 मामलों में जब्त शराब को पुलिस ने जेसीबी के जरिए किया नष्ट



जेसीबी से शराब को नष्ट करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना महेशनगर में बरामद अवैध शराब की 80 मदों को नियमानुसार नष्ट किया गया। मौका पर आबकारी अधिकारी, डीएसपी नारायणगढ व प्रबंधक थाना महेशनगर रहे मौजूद। न्यायालय के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों पर सोमवार को थाना महेशनगर में बरामद शुद्दा अवैध शराब की 80 मदों का नियमानुसार नष्ट किया गया। इन मदों के निपटारे के लिए उपायुक्त द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें बीडीपीओ छावनी, इंस्पेक्टर आबाकारी एवं कराधान आयुक्त, डीएसपी नारायणगढ को नियुक्त किया गया। कमेटी की निगरानी में 1926 देशी शराब बोतल, 47 देशी शराब अध्धा, 3297 देशी शराब पव्वे, 233 अंग्रेजी शराब बोतल, 269 अंग्रेजी शराब पव्वे, 63 बियर को टांगरी नदी में जेसीबी के द्वारा नष्ट करवा कर दबाया गया। एसपी ने सभी थानों में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डा. सविता कुमारी ने जन साधारण से अपील की कि वे अपने मुकदमों का निपटारा विशेष लोक अदालत के माध्यम से करें जिसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल में संपर्क कर सकता है।

### इस्कॉन में मनाया भगवान जगन्नाथ उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** इस्कॉन कुरुक्षेत्र द्वारा ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में बहुत ही भव्य स्तर पर भगवान जगन्नाथ का स्नान यात्रा एवं प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इसमें खन्ना से आए गोविंद प्रभु प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर ने साक्षी गोपाल प्रभु अध्यक्ष इस्कॉन कुरुक्षेत्र के साथ भगवान जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा जी का अभिषेक किया। उत्सव में मधुर कीर्तन, कथा और विशाल भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था थी।

### सहयोग एक कोशिश संस्था ने लगाया शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीअनंत कॉम्प्लेक्स राजिन्द्र नगर कुरुक्षेत्र में सहयोग एक कोशिश संस्था की चतुर्थवर्षगांठ पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभ आरंभ संत दिव्यनंद के हाथों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्त दान शिविर में चेयरमैन उमा सुधा, संस्था के संस्थापक साहिल गाबा, ईशू, शिवम, अमन डॉक्टर अंशुल ग्रोवर, डॉक्टर सुरेंद्र मेहता, डाक्टर चेतन वर्मा, प्रिन्सिपल राजीव चावला, प्रिन्सिपल कंवल सचदेवा, प्रिन्सिपल बीके चावला, चंद्र प्रकाश धमिजा ने रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

### केयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में मंगलवार को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकुला व कुवि के सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 11 बजे एक थी नदी सरस्वती विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्यातिथि होंगे व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर अपना विशिष्ट उद्बोधन देंगे।

### कोचिंग संस्थान के 21 विद्यार्थियों को दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा लोक सेवा आयोग में महात्मा गांधी अखिल भारतीय सेवा कोचिंग संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 21 विद्यार्थियों का चयन होने पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास धर्मशाला के प्रधान सूरजभान नरवाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण मंच के प्रधान हरिसिंह ने संस्थान के निदेशक प्रो. जोगिंदर सिंह को संत शिरोमणि गुरु रविदासजी का चित्र भेंट कर एवं उनके जन्मदिवस पर केक काटकर संस्थान की उत्कृष्ट सफलता के लिए बधाई दी।

### शीघ्र चलाया जाए ट्रांसफर ड्राइव

थानेसर। शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति,हरियाणा की ओर से शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की मांग को लेकर हरियाणा सरकार के मंत्री सुभाष सुधा के पीए को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों के सभी वर्गों के लिए शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि मंत्री को अचानक अयोध्या जाना पड़ गया। अतः उनके पीए को नीलकंठ यात्री निवास में ज्ञापन दिया गया जिसमें साफ रूप से मांग की गई।

### नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

# नशामुक्त समाज बनाना सरकार की पहली प्राथमिकताः एसडीएम

- परिवार में खुशहाली लाने के लिए नशे जैसी बुराई का त्याग जरूरी
- नशे से शरीर का तो नाश होता ही है परिवार में कलह भी बढ़ती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। एसडीएम अशोक कुमार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

एसडीएम अशोक कुमार ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बारे जागरूक करें।

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति ज्यादा नशे की दलदल में फंस गया हैं तो ऐसे व्यक्ति को पुनर्वास या चिकित्सीय सलाह द्वारा भी नशा छोडने के लिये प्रेरित कर सकते हैं। नशे में पडऩे के बाद व्यक्ति का नशे को छोड़ पाना कठिन हो जाता है। हमें प्रयास करना चाहिये कि हम आरम्भ से ही बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताये व जागरूक करें। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाव के लिए शिक्षण संस्थानों एवं धार्मिक संस्थाओं आदि को प्रशासन के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि युवाओं के साथ-साथ समाज को भी नशा मुक्त किया जा सकें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि हमें अपने बच्चों, परिवार व समाज को बचाना है तो नशे जैसी बुराइयों को समाप्त करना होगा। प्रायः देखने में आता है कि अनेक युवा नशे की चपेट आ रहे हैं और अपना जीवन एवं और परिवार के भविष्य को अंधकार में डाल रहे है।एसडीएम ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थ बेचने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें तथा लोगों को नशे से होने वाली हानियों के बारे भी विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी उचित कार्यवाही अमल में लाए। उन्होंने बताया कि बताया कि नशामुक्त समाज सरकार की प्राथमिकता है और समाज के हर वर्ग को आपसी तालमेल के साथ नशा मुक्त समाज बनाना होगा। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति के लिए प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और नशा मुक्ति के लिए आवश्यक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी अंजु सरदाना ने बताया कि नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान चलाए गए हैं, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर बनाने व चार्ट आदि तैयार करने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जा रहा है। विद्यार्थियों द्वारा गांवों में अभियान चलाकर लोगों को रैलियों, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं।

एसएमओ डॉ. किरण ने बैठक में बताया कि नशे को लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है और विभाग के अधिकारियों द्वारा नशा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उपमंडल इंद्री में फिलहाल 31 व्यक्ति नशे के आदी सामने आए है जिनकी निरंतर काउंसलिंग कर स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें नशा मुक्ति की दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है।



## 216 विद्यार्थियों ने नशा न करने की ली शपथ

- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा 570 से अधिक लोगों को नशा मुक्त किया: डॉ. अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 12 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के अंतर्गत आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध 190 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्चाधिकारियों के आदेशों से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसताड़ा में किया गया। संस्थान के जीआई दिनेश कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 216 विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक किया और बताया कि प्रतिबंधित नशा स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम संख्या 61 वर्ष 1985 के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

## सत्यनिष्ठा शपथ अभियान से किया जा रहा जागरूक

- एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया का अभियान सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में देश के अग्रणीय संस्थान एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन के महा सत्यनिष्ठा शपथ अभियान पर विस्तार से चर्चा की गयी और अभियान से संबंधित आगामी प्रोजेक्ट के बारे में रुपरेखा तैयार की गई। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की फाउंडेशन का सत्यनिष्ठा शपथ अभियान बहुत तेजी से फैल रहा है और लोगो में भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर जागरूकता ला रहा है। सेंट्रल विजलेंस कमीशन से सर्टिफाइड सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के अंतर्गत लोगो से सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाए जाते हैं और उन्हें सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जाती है। शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और विद्यार्थियों के माध्यम से उनके माता पिता को भी सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जाती है। उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए खुद से शुरुवात करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा की फाउंडेशन के पदाधिकारियों एंव सदस्यों के माध्यम से यह अभियान देश के सभी राज्यों में चलाया जा रहा है। अवसर पर मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर के स्टेट चीफ कोर्डिनेटर डा. नजरूल इस्लाम उपस्थित रहे।

## डिजिटल साक्षरता को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध

- खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सभागार में आयोजन किया गया
- सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर रहे मुख्य अतिथि

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व लड़कियों को डिजिटल साक्षरता व स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र की जिला समन्वयक ज्योति चौहान द्वारा सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी असंध कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया असंध के सीनियर मैनेजर अनिरुद्ध सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित महिलाओं को एटीएम ऑपरेट करने बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डिजिटल साक्षरता रोजगार, सभ्य नौकरियों और उद्यमिता के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सुरक्षित और उचित तरीकों से जानकारी तक पहुचाने, एकिकृत करने, संचार करने, मूल्यांकन करने और बनाने की क्षमता है। कार्यशाला में सीडीपीओ संतोष कुमारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,कृषि, विज्ञान,राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में बराबरी कर रही हैं। कार्यशाला में ज्योति चौहान ने बताया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजबाला मोर के निर्देशानुसार इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## फ्री रोडवेज यात्रा के लिए हैप्पी योजना के कार्ड वितरण का कार्य तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- 12357 हैप्पी कार्ड हुए वितरित, 57703 कार्ड वितरण के लिए तैयार
- एक लाख से कम आय वालों को वर्ष में 1 हजार कि.मी की मुफ्त यात्रा की सुविधा

हरियाणा रोडवेज की बसों में 1 हजार कि.मी की मुफ्त यात्रा की सुविधा के लिए 1 लाख रुपये कम आय वाले परिवारों के सदस्यों को हैप्पी कार्ड वितरण किया जा रहा है। रोडवेज डिपो द्वारा जिला में 12357 हैप्पी कार्ड का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा 57703 कार्ड वितरण के लिए तैयार होकर पहुंच चुके हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार ने हैप्पी (हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना) योजना की शुरुआत की है जिसके तहत एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य हर साल हरियाणा रोडवेज की बसों में एक हजार किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह ने बताया कि यह स्मार्ट कार्ड सीधे ई-टिकटिंग प्रणाली से कनेक्ट हैं। योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) माध्यम से की जाएगी।

## मातेश्वरी जगदंबा मां का स्मृति दिवस श्रद्धाभाव से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र की ओर से मातेश्वरी जगदंबा मां का स्मृति दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। राजयोगिनी प्रेम दीदी ने कहा कि जगदंबा मां का जन्म अमृतसर में हुआ। उनका लालन पालन सिंध हैदराबाद पाकिस्तान में हुआ। 1936 में ब्रह्माकुमारीज की ओम मंडली के संपर्क में आई। परमात्मा पिता को पहचान अपने जीवन को सेवार्थ समर्पण कर दिया। वह कहा करती थी कि हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझना चाहिए। उन्हें प्यार से बड़े छोटे सब मम्मा कहते थे। वो पढ़ाई में बहुत होशियार व गीत संगीत की कला में निपुण थी। वो रेग्युलर, पंक्चुअल व एकाग्रचित थी। वे हमेशा कम, मीठा और सोच समझकर बोलती थी। वह कहती थी कि हमें गुणवान बनना है। सबके गुण देखने है। गुणदान करने हैं और धारणामूर्त होकर रहना है। उनमें मधुरता, हर्षितमुखता, निर्भयता, निअहंकारिता, सहनशीलता, परोपकारिता, संतुष्टता, विनम्रता, धैर्यता व गंभीरता आदि गुण भरपूर थे। रात्रि दो बजे उठरक वह ध्यान साधना मेडिटेशन के द्वारा सारे विश्व की आत्माओं को शांति का दान देती थी। श्रद्धांजलि दिवस पर सभी ब्रह्म वत्सों ने जगदंबा मां को भावभीनी श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर डा. एनके महानी, ऋषिराज शर्मा, ओमप्रकाश, कैप्टन आरके राणा, पवन मिश्रा, नदीम अंसारी, केके खन्ना, सुरेश गोयल, संजीव चुटानी, रामनिवास गर्ग, सुनीता मदान, छवि चौधरी, गायत्री देसवाल, विमल मैहता, बीके शिखा, शिविका, आरती, सारिका व रितेश विज मौजूद रहे। अंत में प्रभु प्रसाद बांटा गया।

## अंबेडकर समाज कल्याण सभा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अंबेडकर समाज कल्याण सभा करनाल के आजीवन सदस्यों की बैठक अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में हुई। सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान द्वारा वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का खर्च पेश किया गया व आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट को सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर स्वीकृत किया। बैठक में प्रधान द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से इसे पारित किया। सभा के सभी आजीवन सदस्यों ने सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान व उनकी टीम द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। प्रधान ने बताया कि वर्षभर में 10 बड़े समारोह किए गए, जिसमें विभिन्न अधिकारी, प्राचार्य आदि बुला कर समाज को जागृत व संगठित किया। सभा ने सीएसआर योजना के अधीन यूनीसेफ का प्रोजेक्ट लिया है, जिसमें विभिन्न कालेज, स्कूल व आईटीआई में जाकर सभा की टीम ने कम्पयूटर का बेसिक डिजिटल प्रोडेक्टिविटी कोर्स करवाया गया। हजारों छात्रों ने कोर्स कर तुरंत यूनीसेफ के प्रमाण पत्र प्राप्त किए। यह कोर्स हर रविवार को अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में करवाया जा रहा है। बैठक में वित्त सचिव देशराज डौंकल व महामंत्री बलवंत सिंह आलान ने विचार रखे।

## मांगों की अनदेखी के विरोध में सामाजिक चिकित्सक महासंघ ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक दिन का धरना प्रदर्शन 12 सैक्टर में किया गया। मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ साहब को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा व प्रत्येक जिलों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. श्रीचन्द तंवर ने किया। 27 सितम्बर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यमुनानगर में कहा था कि आपको जल्दी ही ट्रेनिंग देकर काम करने का अधिकार दिया जाएगा। मौजूदा सरकार इस पर तुरंत संज्ञान ले। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सैनी ने कहा कि सरकार ने हमारी मांगों को मानकर भी अनदेखा किया। मुख्या रूप से कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुडग़ांव, तेजपाल खट्कड़ कैथल, खुशहाल पलवल, बलबीर कौशिक संगठन सचिव, डॉ. रमेश ढांडा जी, डॉ. सुदेश भिवानी, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. सुरेश हिसार, डॉ. कालाराम यमुनानगर, डॉ. राकेश कुरुक्षेत्र, डॉ. सुरेन्द्र अम्बाला, डॉ. रिजवान मलिक सोनीपत व अन्य साथीगण मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भाजपा सरकार की नाकामियां हुई उजागरः बुद्धिराजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- युवाओं के साथ हुआ धोखा, भाजपा सरकार जिम्मेदार : दिव्यांशु बुद्धिराजा

करनाल लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि माननीय हाईकोर्ट द्वारा ग्रुप 56, 57,1, 2 व अन्य 20 ग्रुपों की परीक्षा रद्द के फैसले को माननीय सुप्रिम कोर्ट द्वारा जारी रखना साफ-साफ भाजपा सरकार की नाकामीयो को दर्शाता है। बुद्धिराजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा युवाओं के साथ धोखा किया है। युवाओं के साथ झूठे वादे करके भाजपा सत्ता पर काबिज हुई और सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार ने युवाओं के सपनों को उजाडऩे का काम किया है। बुद्धिराजा ने बताया कि माननीय सुप्रिम कोर्ट के इस फैसले के अनुसार अब ग्रुप 56, 57, 1 और 2 की परीक्षा फिर से होगी। वहीं ग्रुप सी के अन्य 20 ग्रुपों, जिनमें अभियार्थीयो की नियुक्तियां भी हो चुकी थी अब उनकी भी परीक्षा दोबारा होगी। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### हमेशा सदकर्म करें और फल भगवान पर छोड़ेंः स्वामी ज्ञानानंद

# प्रभु की भक्ति ही जीवन जीने का असली मार्ग

- अहंकार बुद्धि को हर लेता है और बुद्धि को हरने के बाद इंसान का विवेक खत्म हो जाता है: स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



फोटो न:-1- गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज तरावड़ी स्थित चावला निवास पर चावल परिवार के लोगों को आशीर्वाद देते हुए

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा है कि यह शरीर पूरी तरह से नश्वर है तथा मौत की कोई दवा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक इंसान को जीने का मौका मिलता है, तब तक उसे प्रभु भक्ति लीन ही रहना चाहिए। क्योंकि मुक्ति का केवल एक ही मार्ग है और वह प्रभु सिमरण। वह सोमवार को पत्रकार फतेह चंद चावला के अचानक निधन पर उनके निवास पर परिवार को ढांढस बंधाने आए थे तथा उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों को भक्ति का मार्ग दिखाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत गीता इंसान के जीने का सार है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से ही प्रत्येक मनुष्य का जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि इंसान को अहंकार में कभी आना नहीं चाहिए। अहंकार बुद्धि को हर लेता है और बुद्धि को हरने के बाद इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। यही विलुप्त होने का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि अपने जीते जी इंसान को सद्गुरुओं की शरण में ही रहना चाहिए। सद्गुरु की शरण में रहने पर जीवन के प्रकाश का हमेशा उदयमान होता है। क्योंकि गुरु अपने शिष्य को कभी भी भटकने नहीं देते। यदि वह भटक भी जाए तो गुरु शिष्य को प्रभु की राह पर ले आता है। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि जीवन में इंसान को कभी नहीं भूलना चाहिए कि मृत्यु ही अटल सत्य है। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि आप भगवान से फल की इच्छा कभी मत करें। आप केवल कर्म करें, क्योंकि धर्म करने पर भगवान से मांगना पड़ता और कर्म करने पर भगवान को देना पड़ता है। यही सच भी है। इसलिए हमेशा सद्मार्ग पर चलें। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बृज गुप्ता, नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, वेद सलूजा, अमरजीत बाजवा, तिलक राज, सुरेंद्र रहेजा, हेमन्त रहेजा, राजीव गाबा, दिनेश भाटिया, नीरज डेमला के अलावा चावला परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पंचवटी कॉलोनी में बैंक कर्मी के घर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना की पंचवटी कॉलोनी में बैंक कर्मी के घर के ताले तोड कर चोरों ने नगदी व जेवर चोरी कर लिए। घटना के समय बैंक कर्मचारी अपने घर पर ताले लगा कर अपने पैतृक गांव गया हुआ था। इसराना थाना पुलिस ने घर के मालिक भूपेंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया और एसएफएल की टीम से घटनास्थल की जांच करवाई।

### पुलिस टीम ने कट्टे के साथ अरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी लोहा पुल के पास सन्नी पुत्र हवासिंह निवासी गांव बाल जटान जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि सन्नी के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनेगी: पंवार

**पानीपत।** अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उझा रोड़ स्थित साईं कालोनी में नुक्कड़ सभा मे उपस्थित कॉलोनी वासियों सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने कहा आने वाले हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर भारी बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनाएगी। इस अवसर पर रणधीर प्रजापत, बिजेंद्र प्रजापत, कुलदीप सिंह, कंवरपाल खटानिया, विकास अग्रवाल, बाबूराम, त्रिलोकपाल, तेजपाल, संजीवपाल, मेहर प्रजापत, रमेश प्रजापत, जॉनी पाल, बलविंदर पाल, भानु तोमर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर मां जगदंबा को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-25 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर ब्रह्माकुमारी संस्था की पहली मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हुडार सेक्टर-25 सेंटर इंचार्ज बीके अंजना ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की विश्व में जो पहचान हैं वह मातेश्वरी जगदंबा के दिव्य व्यक्तित्व और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का ही परिणाम हैं।

### शिवानी का ग्रामीणों ने स्वागत किया

**पानीपत।** हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में 21वां रैंक हासिल कर परिजनों व गांव का नाम रोशन करने वाली गांव भोडवाल माजरी की बेटी शिवानी पांचाल का समालखा पुराने बस अड्डा पर पुल के नीचे जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेसी नेता कंवर सिंह छौक्कर व जिला भाजपा के महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना आदि रहे।

### शराब के साथ पकड़ा

**पानीपत।** समालखा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ईश्वर निवासी गांव राक्सेहडा जिला पानीपत को 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## आईसीपी शिक्षा संस्थान में विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन

# अनुशासित मेहनत के बल पर मिलती है सफलता : दीक्षित

■ कठिनाइयों और उन्हें पार करने के अपने अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईसीपी शिक्षा संस्थान में सीए और सीएस के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें सेमिनार का विषय था अनलॉक योर पोटेंशियल, जर्नी टू सक्सेस। कार्यक्रम में पानीपत सीए ब्रांच के सचिव एवं मुख्य वक्ता सीए भूपिंद्र दीक्षित रहे। सीए भूपिंद्र दीक्षित ने अपनी सीए की पढ़ाई के दौरान आई कठिनाइयों और उन्हें पार करने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी मेहनत और दृढ़ता से सीए की परीक्षा में सफलता हासिल की। उनके संघर्ष और सफलता की कहानी ने सभी छात्रों को अत्यधिक प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन में रह कर कठोर परिश्रम करना चाहिए, भगवान की कृपा से हर मेहनती विद्यार्थी को सफलता मिलेगी। इस अवसर पर आईसीपी शिक्षा के संस्थापक निदेशक सीए हिमांशु ग्रोवर, दीपांशु ग्रोवर, सीए इंदरजीत सिंह ने मुख्यअतिथि सीए भूपिंद्र दीक्षित का स्वागत किया। वहीं सीए हिमांशु ग्रोवर ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सीए भूपिंद्र दीक्षित का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि आईसीपी शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को न केवल शिक्षा प्रदान करना है बल्कि उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना भी है।



पानीपत। सीएम भूपेंद्र दीक्षित का स्वागत करते हुए आईसीपी शिक्षा संस्थान के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

# विधायक प्रमोद ने अयोध्या में किए राम लला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंत्री मंडल एवं भाजपा विधायकों के साथ अयोध्या विशेष विमान से जा कर दर्शन किए, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने भी रामलला के दर्शन कर विश्व मंगल की कामना की, विधायक विज ने बातचीत में कहा कि 500 साल पुराने संघर्ष की सफलता के प्रतीक अयोध्या के श्री राम मंदिर के दर्शन कर अभिभूत हूं, विधायक प्रमोद ने अयोध्या में हुए भव्य विकासात्मक कार्यों की तारीफ की एवं श्री राम मंदिर के संघर्ष में शहीद हुए सेवकों को नमन किया।


पानीपत। अयोध्या में मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ विधायक प्रमोद विज प्रसन्न मुद्रा में।

# इंडियन हैंडबॉल टीम में खेलेगी अनु, स्पेन के लिए रवाना हुई

**पानीपत।** यूरोप महाद्वीप के देश स्पेन में होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आर्य महाविद्यालय की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा अनु मलिक का चयन भारतीय यूनिवर्सिटी टीम में हुआ है। अनु मलिक अनेक नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी है। वह भारतीय टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे केरल से स्पेन के लिए रवाना हो गई है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि 25 से 30 जून तक होने वाली यह बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है, जिसमें ब्राजील, चिली, फ्रांस, पोलैंड, भारत, स्पेन व नीदरलैंड जैसी टीमें भाग ले रही हैं।



अनु मलिक अनेक नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी है

# अंसल में फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट ने पौधे रोपे


पानीपत। असंल के गेट पर पौधारोपण करते फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के सदस्य व अन्य । फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के सदस्यों ने अपने प्रोजेक्ट मिशन ग्रीन के तहत अंसल सुशांत सिटी गेट नंबर दो के बाहर 100 पौधे लगाए। जिसमें डीएसपी सतीश वत्स भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और कई जाने माने उद्योगपति भी पहुंचे। सभी ने अपने हाथों से पौधा लगाया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि फ्लाइंग क्लब अभी तक 14500 पेड़ लगा चुका है तथा इस मानसून तक 20000 पेड़ का लक्ष्य है।

इस संस्था का उद्देश्य पेड़ लगाना ही नहीं उसे उगाना भी है। इस अवसर पर नितिन अरोड़ा, विकास गुलाटी, केशव गंगवानी, आलोक, रवि अरोड़ा, धीरज चावला, मानव,लकी अरोड़ा, राकेश व संदीप कपूर आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त सभी ने नागरिकों से बरसात के मौसम में पर्यावरण को घना करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने की अपील की।

# शिविर में समस्याओं का हो रहा समाधान

■ लोन से संबंधित समस्या का तत्काल लोन स्वीकृत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की जनता की समस्याओं के निदान को लेकर लगाये जा रहे समाधान शिविर में शिकायतकर्ताओं की समस्या का समाधान हो रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में लोग अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचे। उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि वे हर हाल में लोगों की समस्या का समाधान चाहते है। डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्या को बांधकर न बैठे उसका तत्काल समाधान करें। लोन से संबंधित कोई समस्या आती है तो उसका तत्काल लोन स्वीकृत करें। समस्याओं को लेकर सचिवालय पहुंच रहे शिकायतकर्ता किस स्थिति के दौर से गुजर रहे हैं और कितनी उम्मीदों के साथ वे अधिकारियों के पास आकर अपनी व्यथा गाते हैं इसका हमें ऐहसास होना चाहिए। समाधान शिविर में सोमवार को 212 शिकायतकताअरं ने रखी अपनी समस्याए 49 का मौके पर समाधान किया गया। इस मौके पर बीजेपी के जिला महामंत्री कृष्ण छौकर, सीईओ जिला परिषद गौरव, सीटीएम टीनू पोसवाल, डीआरओ विजय सुलतानिया, सीएमओ डॉ जंयत आहुजा, जिला रोजगार कार्यालय अधिकारी रितु चहल, मतस्य अधिकारी अनुज कुमारी, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।


पानीपत। समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व भाजपा नेता शिकायकर्ता का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पानीपत पुलिस की 82 टीमों ने 6 घंटे में 48 आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दंबिस देकर चोरी, झगड़े, एनडीपीएस, एक्साइज, आर्म्स एक्ट के मामलों में संलिप्त 48 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। वहीं, एसपी शेखावत ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला में आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 82 टीम बनाकर जिसमें कुल 316 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे।

सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी। अभियान के तहत 14 आरोपियों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर इनसे 279 बोतल देसी व अंग्रेजी शराब, 30 बीयर, 8 लीटर लाहन बरामद किया, सट्टा खाईवाली कर रहे 4 आरोपियों को दाव पर लगी 16660 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार किया। एक आरोपी को 11 ग्राम स्मैक सहित काबू किया। दो आरोपियों को दो अवैध देसी पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया।

### पानीपत को क्राइम फ्री करेंगे:अजीत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की धरपकड़ के लिये जिले में समय-समय पर ऑपरेशन आक्रमण जैसे अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, अपराध शाखा, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 को दे। सूचना देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी, वही आरोपियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ऑक्सीजन पार्क बना कर ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने अपनी मां को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती रोशनी देवी की 14 वीं पुण्यतिथि पर तहसील कैंप थाना पानीपत में ऑक्सीजन पार्क स्थापित करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि एस पी पानीपत अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में और तहसील कैंप पानीपत के इंस्पेक्टर विजय और सिटी थाना पानीपत के इंस्पेक्टर राजबीर सिंह व गौरव लीखा के सहयोग से माता रोशनी देवी की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर ऑक्सीजन बाग लगाने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज बरगद, पीपल, सेब, जामुन, आम, आड़ू, शहतूत, चीकू,केला, अमरूद, माल्टा, नींबू, मौसमी, बबुगोस, नाशपाती, सहजन आदि के 28 पौधे रोपित किए गए और 50 से अधिक हर्बल और फलदार पौधे रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमे अपनों के साथ पौधे अपनों की याद में पौधे जरूर लगाने चाहिए जिससे इंसानियत का भला हो। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से मिलकर ग्रीन-पानीपत क्लीन पानीपत बनाने का रहेगा। इधर, सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह और तहसील कैंप प्रभारी विजय ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार का पुलिस थाने में तीन दिन पहले हर्बल गार्डन और आज ऑक्सीजन बाग का अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर स्थापित करना पुण्य का काम है और हम सब को भी साल में कम से कम दो पौधे रोपित करने चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए। तहसील कैंप पानीपत प्रभारी इंस्पेक्टर विजय और थाना मुंशी धर्मराज ने लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी उठाई। इस दौरान धर्मराज थाना मुंशी, पुलिस अफसर सुक्रमपाल, विष्णु, गौरव, प्रमोद, प्रवीन कुमार, एडवोकेट लक्ष्य बजाज व सतीश सैनी सहित बच्चों और गणमान्य लोगों ने पौधारोपण में भाग लिया।


पानीपत। थाना सिटी व तहसील कैंप परिसर में पौधारोपण करतो हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत

### चाचा पर फायरिंग कर घायल किया

■ आरोपी ने 10 से ज्यादा गोलियां चलाई

**पानीपत।** पानीपत के गांव नंगला पार में भतीजे राजन ने अपने चाचा आजाद की कार पर अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग में कार में सवार चाचा आजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। आजाद को फायरिंग में कई गोलियां लगी है। परिजनों ने जहां उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं कथित आरोपी राजन, वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। इधर, मामला पारिवारिक होने के चलते परिजनों ने इसे दबा दिया था। वहीं, घटना की सूचना मुखबिर से पुलिस को मिल गई। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, अस्पताल से भी पुलिस को सूचित किया गया। इधर, पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम पारिवारिक कारणों से दिया गया है। आरोपी ने 10 से ज्यादा गोलियां चलाई है। पुलिस को घटनास्थल से खाली खोल भी मिले है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।


पानीपत। विश्व हैंडबॉल दिवस पर खेल के मैदान पर केक काटते खिलाड़ी।

# खेल मैदान पर केक काट कर मनाया विश्व हैंडबाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव आसन कलां में विश्व हैंडबाल दिवस पर खेल मैदान में खिलाडियों द्वारा केक काटकर व मिठाई बांट कर मनाया गया। जिसमें सरपंच जोगिंद्र व ब्लॉक समिति सदस्य व इनसो नेता राजिंद्र जैलदार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजिंद्र जैलदार व जोगिंद्र ने खिलाडियों और कोच की प्रशंसा करते हुए सभी को इस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गांव के इस मैदान से कई खिलाडियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता कर हेंडबाल में कई पदक प्राप्त कर जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हैंडबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला द्वारा मैदान में खेल के सामान व अन्य चीजों की कमी नहीं आने देंगे। इस अवसर पर पवन कोच, प्रवीण, ललित, अजय, विशाल व कार्तिक आदि मौजूद रहे।



पानीपत। नशे के खिलाफ जनता को शपथ दिलवाते हुए पुलिस अधिकारीगण।

# लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे में जागरूक किया

■ इसराना अनाज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस के नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने इसराना अनाज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया और नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं, इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ साथ अपराधों की जड़ है। इसलिए युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने माता पिता के सपनों को साकार करें और गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है।

एक बार नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसी लिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने आप को नशे से दूर रखें तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग ले ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिये जनता, पुलिस का सहयोग करें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

हरीश कुमार पुत्र श्री राम किशन पुत्र श्री होतू राम निवासी मकान नम्बर 13, सुभाष कालोनी, तह. कैम्प पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि हरीश कुमार पुत्र श्री राम किशन पुत्र श्री होतू राम निवासी मकान नम्बर 13, सुभाष कालोनी, तह. कैम्प पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति लक्ष्मी बाई पत्नी श्री होतू राम की मृत्यु काफी अरसा पहले हो चुकी है। और श्री राम किशन पुत्र श्री होतू राम की मृत्यु दिनांक 25.09.2008 को हो चुकी है व श्रीमति परमेशवरी पत्नी श्री राम किशन की मृत्यु दिनांक 03.07.2019 को हो चुकी है, व श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री राम किशन की मृत्यु दिनांक 19/04/2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा अंजली शर्मा, नगर निगम पार्षद वार्ड 03 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

**1. मेहर चन्द (पुत्र) 2. हरीश कुमार (पोत्र) (पुत्र राम किशन) 3. मोहन लाल (पोत्र) (पुत्र राम किशन) 4. कमलेश रानी (पोत्री) (पुत्री राम किशन) 5. संध्या अरोड़ा (पोत्री) (पुत्री राम किशन) 6. सरिता (पोत्री) (पुत्री राम किशन) 7. सुमन (पोत्र वधू) (पत्नी श्री सुभाष चन्द्र) 8. शिखा (पुत्री सुभाष चन्द्र) 9. मानसी (पुत्री सुभाष चन्द्र) 10. लविश कक्कड़ (पुत्र सुभाष चन्द्र) कुल (10) जायज वारिस हैं।**

इनके अलावा मृतक लक्ष्मी बाई का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**विशाल पुत्र जयकिशन पुत्र श्री बनारसी दास वासी कृष्णपुरा, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत।**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि विशाल पुत्र श्री जयकिशन पुत्र श्री बनारसी दास वासी कृष्णपुरा पानीपत तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू अपनी जायदाद कृष्णपुरा पानीपत, बाबत इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि स्वर्गीय जयकिशन पुत्र श्री बनारसी दास वासी कृष्णपुरा पानीपत तहसील व जिला पानीपत की दिनांक 23.01.2010 को मृत्यु हो चुकी है एवम प्रार्थी की दादी कस्तूरी देवी जी काफी अरसा पूर्व मृत्यु हो चुकी है। जिनको मृत्यु बाद उनके निम्न वारस हैं :-

1. विशाल पुत्र 2. राजरानी पत्नी, है। अन्य कोई वारस नहीं है।

इनके इलावा मृतक जयकिशन का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवम एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिंनाक 24.06.24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**खबर संक्षेप**

### डीएलआरसी की मीटिंग संपन्न

**अंबाला।** जिले के बैंकों की डीएलआरसी/डीसीसी बैठक डीसी कार्यालय में सीटीएम विश्वजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विनोद कुमार एजीएम, आरबीआई पुष्पेंद्र कुमार, डीडीएम नाबार्ड और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला समन्वयक डीसीओ विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सबसे पहले चीफ एलडीएम पुनीत कुमार ने बैठक में सभी मेहमानों का स्वागत किया और एजेंडा की चर्चा की।

### बिजली संबंधी शिकायतों का होगा समाधान

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 25 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में इस दौरान बिजली संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

### नकद पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** जिला खेल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि खेल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 की खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता / प्रतिभागी खिलाडियों को नकद पुरस्कार तथा छात्रवृति प्रदान करने हेतू पूर्व वर्षों की की तरह आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी को 30 जुलाई 2024 तक आवेदन करें। अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### एक को खोली जाएगी कुटेशन

**अंबाला।** जिला में वर्ष 2024-25 के लिए 3 एल्मूनियम वोट व 1 आस्का लाईट की मुरम्मत करवाने के लिए रेट निर्धारित किए जाने हैं। 3 एल्मूनियम वोट व 01 आस्का लाइट की मुरम्मत करवाने बारे अपने-अपने रेट की फ्रैश कुटेशन सील बन्द लिफाफे में 28 जून 2024 तक दोपहर 12 बजे तक उपायुक्त कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक / दस्ती भिजवाने का कष्ट करें कुटेशन 1 जुलाई 2024 को नगराधीश के सम्मुख सांय 3 बजे तक खोली जाएगी।

### मुआवजे के लिए डीसी से मिले पेगां के किसान

**अलेवा।** दिल्ली-जम्मू कटरा एक्सप्रेस हाइवे पर जमीन काबढ़ा मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को पेगां गांव के किसान डीसी जींद से मिले। डीसी जींद ने मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन किसानों को दिया है।

### हमला कर घायल करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव बरहा कलां में प्लाट कब्जे का विरोध करने पर कुछ लोगों ने हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरहा कलां निवासी युवराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने प्लाट में खड़ा था। उसी दौरान भैयाराम परिवार ने कब्जे की नियत से उस पर हमला कर दिया।

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कई नालों का किया मुआयना

# हल्की सी बरसात से खुली अफसरों की पोल, रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव

अफसरों को नालों की सफाई सही ढंग से करवाने के आदेश, बाढ़ आने की स्थिति में अफसर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अचानक हुई हल्की सी बरसात की वजह से अंबाला शहर की ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में फिर जलभराव हो गया। सफाई न होने की वजह से ज्यादातर नाले ओवरफ्लो नजर आए। उधर कॉलोनियों में हुए भराव को लेकर डिप्टी मेयर राजेश मेहता तुरंत मैदान में उतर गए। उन्होंने कई कॉलोनियों के साथ मुख्य नालों का मुआयना किया। मेहता ने कहा कि नालों की सफाई न होने की वजह से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में पिछले साल की तरह बाढ़ की चेतावनी के बावजूद अफसर सोए हुए हैं। डिप्टी मेयर ने साफ कहा कि अगर इस बार बरसाती पानी की वजह से शहर की जनता को नुकसान हुआ तो अफसरों से उनकी भरपाई की जाएगी।

### 79 नालों की नहीं हुई सफाई

नगर निगम की ओर से इस बार बरसाती सीजन से पहले तीन मुख्य नालों की सफाई का ही टेंडर जारी किया गया। जबकि शहर के छोटे बड़े 79 नालों की सफाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। ये नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। मुख्य नालों की सफाई काम भी सही ढंग से नहीं हो पाया। इसी वजह से बरसाती पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने बताया कि अगर नगर निगम समय रहते नालों की सफाई का कार्य करवाए तो लोगों को बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर न होना पड़े। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी लोगों को अफसरों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा था। अगर जल्द नालों की सफाई को लेकर काम न हुआ तो इस बार फिर रिहायशी कॉलोनियों का बरसाती पानी में डूबना तय है।



अंबाला। इंको नाले में अटी गंदगी का मुआयना करते डिप्टी मेयर व जलभराव का दृश्य।

**अतिरिक्त कर्मचारियों से करवाए नालों की सफाई**

नगर निगम की ओर से अपने ही सफाई कर्मचारियों से नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। जबकि हर बार सदन में अतिरिक्त कर्मचारियों से यह कार्य करवाने की मांग उठती रही है। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने बताया कि निगम के पास करीब 500 सफाई कर्मचारी हैं। अफसर इन कर्मचारियों को ही नालों की सफाई के लिए लगा देते हैं। जबकि निगम में पहले ही करीब 400 कर्मचारियों की कमी है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त कर्मचारियों से ही नालों की सफाई संभव हो सकती है। रेगुलर कर्मचारियों के नालों की सफाई करने से कॉलोनियों में सफाई नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि अफसर निगम सदस्यों की बात मानने की बजाय अपनी मनमानी कर रहे हैं।

**इन नालों का किया मुआयना**

बरसात के बाद डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने अंबाला शहर के मनमोहन नगर, इंको, कोतवाली थाने के पास से गुजर रहे मुख्य नाले का मुआयना किया। मेहता ने कहा कि तीनों नालों की सफाई सही ढंग नहीं हो पाई। इसी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि वे इन नालों की सफाई तुरंत सही ढंग से करवाए। अन्यथा नालों के पानी से होने वाले नुकसान के लिए अफसर ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को बरसाती सीजन से पहले सभी नालों की सही ढंग से सफाई करवाने की बात कही। साथ ही छोटे बड़े सभी नालों की गंदगी साफ करने की भी बात कही है।


नारायणगढ़। नवाब जस्सा सिंह अहलुवालिया पार्क में चल रहे कार्य का दृश्य।

## बरसाती सीजन से पहले होगी नालों की सफाई

- नपा की ओर से जारी किया गया शैड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बरसाती सीजन से पहले नगरपालिका की ओर से नालों की सफाई का शैड्यूल जारी किया गया है। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि नगरपालिका प्रधान रिंकी वालिया के आदेशानुसार नगरपालिका की साधारण बैठक मंगलवार को 11.30 बजे कार्यालय में होगी। सचिव मोहित कुमार ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में सभी नालों की सफाई के लिए शैड्यूल अनुसार सफाई का कार्य सदस्यों की देखरेख में करवाया जाएगा। अंबाला चौक से लेकर मिलन पैलेस तक तथा अंबाला चौंक से लेकर बरौली रोड़ तक नजदीक बागड़ी समुदाय टैक्सी स्टैंड तक नाले की सफाई सोमवार को, टेलिफोन एक्सचेंज से लेकर डीएवी स्कूल होते हुए कोर्ट रोड के मोड तक तथा मिल्क रोड़ से लेकर वार्ड नंबर 13/14 चर्च तक सफाई 25 जून को, चंडीगढ रोड पर स्थित डेहा समुदाय की बस्ती से लेकर वाया मिल्क रोड और डीएवी स्कूल के सामने से अनाज मंडी के पीछे बरौली रोड़ तक 26 जून को, सुभाष चौक से लेकर कॉलेज रोड पर स्थित नाला 27 जून को, जस्सा सिंह आहलुवालिया चौक से लेकर नबीपुर रोड़ पर कॉलोनी तक नाला तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन से लौटों चुंगी तक 28 जून को, लौटों चुंगी से लेकर कालाअंब रोड पर हरियाली ढाबे तक 29 जून को, पंजलासा चौक से लेकर सैनी धर्मशाला तक नाले की सफाई 30 जून तथा परशुराम चौक से लेकर चंडीगढ रोड पर पेट्रोल पंप तक नाले की सफाई 1 जुलाई को करवाने का शैड्यूल बनाया गया है। उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद कुमार बैनीवाल तथा सहायक सफाई निरीक्षक राज कुमार को नगरपालिका क्षेत्र के सभी नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं।


मुलाना। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

## मुलाना विधानसभा की जिम्मेदारी कंडारा को मिली, बातचीत के बाद लिया फैसला

**मुलाना।** अंबेडकर क्रांति मिशन संस्था सदस्यों द्वारा माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना में एक बैठक का आयोजन किया गया । इसमें सर्व समाज से लोग एकत्रित हुए। बैठक में आसपास के क्षेत्र से कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में राजनैतिक विचार विमर्श कर विधानसभा स्तर पर अपनी दावेदारी करने का निर्णय लिया गया । इसमें मुलाना विधानसभा से अंबेडकर क्रांति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलीप कंडारा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई । कंडारा ने कहा कि अब राजनैतिक स्तर पर नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुलाना विधानसभा के हर गांव में बैठकों का दौर जारी किया जाएगा। मौके पर राजेंद्र वाल्मीकि, जयचंद चौहान, दलविंद्र लंकेश, राजन रटोली, रमेश संधाली, संजू मचल, सीदास पूर्व सरपंच, राजेश टोपरा, प्रवीण लोहट, लक्की लोहट, रोहित सैनी , अजय चनालिया, दलेर गिरी,गौरव जोगी, लाजराम,रिंकू कांगड़ा, नरेन्द्र, दीपू कांडारा,मोहित गुज्जर, नीरज राजभर, राजेश राजभर,धर्मेंद्र परोचा भी मौजूद रहे।

## मम्मा यज्ञ के रत्नों में सबसे श्रेष्ठः राजयोगिनी बीके आशा

- राजयोग केंद्र दयालबाग में मातेश्वरी जगदंबा का स्मृति दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्मकुमारीज की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 59वें स्मृति दिवस पर सोमवार को ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आश्रम संचालिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी जी ने कहा कि ₹मम्मा यज्ञ के आदि रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं, जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था और वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थी। उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थी। यद्यपि वे बहुत छोटी थीं, फिर भी सभी उन्हें हृदय से ₹मम्मा₹ कहते थे। यहां तक कि उनकी अपनी मां भी। उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए। उनकी विवेक शक्ति अद्भुत थी। राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी शैली दीदी ने मम्मा का इतिहास बताते हुए कहा प्रेम और शांति का दिव्य दूत जो 1919 में भारत की पवित्र भूमि पर अवतरित हुआ। राधे एक रत्न बालिका थी, जिसका जन्म अमृतसर में माता रोचा और पिता पोखर दास के घर हुआ था। बचपन से ही राधे की बुद्धि बहुत तेज थी और उसका व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का था। राधे ने मैट्रिक तक हैदराबाद (सिंध) के कुंदन मॉल मॉडल स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। वह हमेशा हर कक्षा में अव्वल आती थी और गायन और नृत्य में भी उतनी ही निपुण थी। राधे की मां और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थी। उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया, जहां दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी मां और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर, राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी। जब उसने पहली बार दिव्य ज्ञान सुना तो उसका मन खुशी से झूम उठा। उसकी रुचि फैशन की गुड़िया से प्रेम और शांति की परी बनने में बदल गई। सभी उन्हें ₹ओम राधे₹ कहने लगे। ओम राधे - अपने समर्पण, त्याग और अथक सेवा के कारण - ₹मातेश्वरी₹ या मां के रूप में जानी जाने लगीं। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्थायी आनंद की तुलना में कामुक जीवन की निरर्थकता को समझा। उन्होंने पूरे दिल से गाया और श्रोताओं को आनंद की ऊंचाइयों पर पहुंचाया। वे आध्यात्मिक बच्चों की हर ज़रूरत का ख्याल रखती थी।



अंबाला। स्मृति दिवस के दौरान मां जगदंबा की महिमा का गुणगान करती बीके शैली व मौजूद बहनें।

## बीएलओ करेंगे विधानसभा चुनावों का बहिष्कार

- मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भारी संख्या में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम ऑफिस में प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अश्वनी मलिक को ज्ञापन सौंपा। बीएलओ गुलशन कुमार, परमजीत सिंह, धर्मपाल व अन्य ने कहा कि बीएलओ को अत्यधिक काम सौंपा जाता है लेकिन मासिक मानदेय मात्र 500 रुपए दिया जाता है जो कि नाकाफी है। यह सालाना 6000 रुपए बनता है। पिछले वर्ष का यह मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है। मार्च में सभी बिल बन जाने के बावजूद, फरवरी में सभी बीएलओ से डाटा ले लिया गया था लेकिन मानदेय अभी तक उनके खातों में नहीं डाला गया। उन्होंने बताया कि फील्ड में जाने पर स्टेशनरी, फोन रिचार्ज और ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा उन्हें खुद उठाना पड़ता है। चुनाव के दौरान उनका कार्यभार और बढ़ जाता है क्योंकि उन्हें घर-घर जाकर वोटर स्लिप देनी पड़ती है। इस बार भी चुनाव में अत्यधिक गर्मी के बीच बीएलओ ने अपना कार्य बखूबी निभाया, लेकिन फिर भी सरकार और प्रशासन का ध्यान उनकी समस्याओं पर नहीं है। उन्होंने मांग की कि उनका वार्षिक मानदेय 6000 रुपए से बढ़ाकर 12000 रुपए किया जाए और समय पर उनके खातों में जमा किया जाए। इसके अलावा उन्हें स्टेशनरी या स्टेशनरी भत्ता अलग से दिया जाए।


बराड़ा। मांगपत्र सौंपते हुए बीएलओ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर दीपक वैद, बलविंद्र सिंह, हरबंस, महावीर सांगा, नराती देवी, सीमा रानी, दिव्या मिश्र, सोनिया चौहान, सपना देवी, सुरेंदर देवी, रजनी, मधु, मैना, पूजा कश्यप, पिंकी रानी, सुधा, टीनू, सरिता, रेनू गुप्ता, बलविंदर कौर समेत अन्य बीएलओ मौजूद रहे।

## नशे के खिलाफ युवाओं को दिलवाई शपथ, पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा जागरूकता नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को प्रबंधक थाना मुलाना ने युवाओं/आमजन को जागरूक कर नशे से दूर रहने बारे शपथ दिलाई गई। लोगों को बताया गया कि पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और इसके साथ-साथ जिले में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगाकर देश की उन्नति में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 से 26 जून 2024 तक में चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबंधक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से संपर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके।


अंबाला। नशे के खिलाफ लोगों को शपथ दिलवाते पुलिस अधिकारी।

### बाजारों, सड़कों पर होता है बेसहारा पशुओं का कब्जा

**उचाना।** शहर में निरंतर बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन रही है। सबसे अधिक परेशानी रात को आवागमन के दौरान होती है। रजबाहा रोड, रेलवे रोड, लितानी रोड के अलावा अन्य मागाऱ्ें पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। वाहन चालक बार-बार इनको पकड़ कर गौशाला में छोड़ने की मांग कर चुके है ताकि किसी तरह की घटना आवागमन में होने से वाहन चालक बच सकें। वाहन चालक राजेश, सुरेश, अनिल ने कहा कि निरंतर बेसहारा पशुओं की संख्या बाजारों में बढ़ रही है। बीते दिनों नपा द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए ठेका भी दिया था। बाजारों, प्रमुख मागाऱ्ें पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। रात को सफर में सबसे अधिक परेशानी होती है जब काले रंग का पशु सड़क पर हो तो दिखाई नहीं देता है। एकाएक दिखाई देने पर हादसा होने का डर रहता है। प्रशासन को चाहिए बेसहारा पशुओं को पकड़वा कर गौशालाओं में छोड़े ताकि वाहन चालकों का जो सफर है वो आसान हो सकें।


**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने बस स्टैंड का किया मुआयना, यात्रियों से भी बातचीत की

## नारायणगढ़ में पुराने बस स्टैंड की जगह बनेगा मॉडर्न बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल ने सोमवार का बस स्टैंड नारायणगढ़ का दौरा किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर परिवहन मंत्री ने कहा कि यहां नया मॉडर्न बस स्टैंड बनाया जाएगा। मंत्री ने इस सिलसिले में मौके पर जीएम अश्वनी डोगरा तथा पीडबल्यूडी विभाग के एसडीओं दिनेश कुमार को जरुरी निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों पुराने बस स्टैंड को डिमोलिस करवा कर यहां पर 12 काउंटर का नया बस स्टैंड बनवाने की जरूरी औपचारिकताएं जल्द तैयार कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगस्त मास में मुख्यमंत्री नायब सिंह से इसका शिलान्यास करवाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टैंड दो मंजिला हो जिसमें यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। यात्रियों के लिए वेटिंग हॉल, शौचालय तथा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यालय का प्रावधान भी नये बस स्टैंड में रखा जाए। लोगों के टू व्हीलर तथा फोर व्हीलर वाहनों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था हो। इसके साथ ही बस स्टैंड एरिया में फलदार एवं छायादार पेड़ पौधे लगाकर विकसित किया जाए। उन्होंने जीएम रोडवोज को निर्देश दिए कि बस स्टैंड का वातारण साफ-सुथरा हो। सौंदर्यीकरण का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए जिससे कि यहां आने वाले लोगों को एक स्वच्छ वातावरण मिल सके। मंत्री ने शौचालयों का निरीक्षण किया। जीएम को निर्देश दिए कि शौचालयों की प्रतिदिन सही प्रकार से साफ-सफाई करवाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए वेटिंग एरिया के वाहनों की पार्किंग क्षेत्र का भी जायजा लिया। मंत्री ने प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना ( हैप्पी) के तहत बस स्टैंड पर बनवाने आए हैप्पी कार्ड के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्हें इस योजना के बारे जानकारी दी। उन्होंने जीएम रोडवेज से हैप्पी कार्ड बनाने से सम्बंधी प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने जीएम को यह भी निर्देश दिए कि शहजादपुर बस स्टैंड पर बढिया तरीके के नये शौचालयों का निर्माण करवाया जाए। मीडिया से बातचीत में मंत्री असीम गोयल ने कहा कि नारायणगढ़ बस स्टैंड से लगभग 50 बसों का संचालन प्रतिदिन विभिन्न स्थानों के लिए होता है। उन्होंने कहा कि जब तक नया मॉर्डन बस स्टैंड बन नहीं जाता है तब तक एक बड़ा टीन शैड यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तैयार कर किया जाएगा।


अंबाला। बस स्टैंड का मुआयना करते परिवहन मंत्री असीम गोयल।